भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1835
(जिसका उत्तर मंगलवार दिनांक 05 अगस्त, 2025/ 14 श्रावण 1947(शक) को दिया जाना है।)

विलंबित केंद्र निधि और जीएसटी मुआवजा

1835 श्रीमती महुआ माजी :

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) झारखंड राज्य को लंबित जीएसटी मुआवजा और अन्य बकाया राशि जारी करने में देरी के क्या कारण हैं, विशेष रूप से तब जब राज्य राजस्व घाटे का सामना कर रहा है और चालू कल्याणकारी दायित्वों का निर्वहन कर रहा है; और
(ख) ग्रामीण झारखंड में विकास परियोजनाओं को प्रभावित करने वाली केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत राज्य के हिस्से का समय पर आवंटन सुनिश्चित करने के लिए सरकार क्या योजना बना रही है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री
(श्री पंकज चौधरी)

(क):- झारखंड राज्य को देय संपूर्ण जीएसटी मुआवजा समय पर जारी कर दिया गया है और राज्य को भुगतान हेतु कोई मुआवजा लंबित नहीं है।

(ख):- उपरोक्त (क) के मद्देनजर यह प्रश्न नहीं उठता।

****